हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 23 मई 2025

11 तिरंगा यात्रा से होता है राष्ट्र भाव का जागरण : सत्यव्रत शास्त्री



12 भीषण गर्मी में बढ़ रही बिजली खपत 54 लाख यूनिट प्रतिदिन हो रही खर्च



CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।
10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।
D.R. GROUP OF INSTITUTIONS
महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616
कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072
सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।
B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy
- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN PUNJABI LANGUAGE
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

## खबर संक्षेप

### डाकघर में पेंशन के लिए जारी किया शेड्यूल

**नारनौल।** प्रधान डाकघर में अप्रैल माह की पेंशन 10 जून तक वार्ड अनुसार सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक वितरित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए पोस्टमास्टर ने बताया कि वार्ड नंबर पांच की पेंशन 23 मई को, वार्ड छह की 24 को, वार्ड आठ की 26 को, वार्ड नौ की 27 को, वार्ड 10 की 28 को, वार्ड 11 की 29 को, वार्ड 13 की 30 को व वार्ड नंबर 14 की 31 मई को पेंशन वितरित की जाएगी। वार्ड नंबर 15 की दो जून को, वार्ड 17 की तीन को, वार्ड नंबर एक व 22 की चार को, वार्ड नंबर दो व 23 की पांच को व वार्ड नंबर 27 की छह जून को पेंशन वितरित की जाएगी। वार्ड नंबर एक से 11 तक बचे हुए पेंशनरों को नौ जून को व वार्ड नंबर 13 से 24 तक के बचे हुए पेंशनरों की पेंशन 10 जून को वितरित की जाएगी। सभी पेंशनर वार्ड अनुसार ही अपनी पेंशन लेने के लिए आएं।

### पुलिस ने अवैध शराब बरामद की, एक गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस टीम ने मामले में अभिषेक वासी स्टेट वेयर हाउस को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके पर स्कूटी की डिग्गी से 26 पव्वे अवैध देसी शराब व तीन बोतल व एक अद्धा अंग्रेजी शराब बरामद की। टीम ने अवैध शराब को जब्त कर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एल्युमिनियम की पाइप व नोजल चोरी

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के एक गांव से दो किसानों के खेत से एल्युमिनियम की पाइप व नोजल चोरी हो गई। पीड़ित किसानों ने शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में भीलवाड़ा निवासी उमन्त व अमित यादव ने बताया कि उन दोनों के खेत एकसाथ हैं। गत 20 मई को सायं को सात बजे वह दोनों खाद डालने के लिए खेत में गए तो वहां अमित के खेत में सिंचाई के बिछाई गई 30 एल्युमिनियम के पाईप की लाईन व तूड़े के ढेर के पास रखे 10 नौजल वाले पाईप उमन्त ने इक्टठे करके अपने कुएं पर रखे थे। वह सब चोरी हो गई है।

## लैंगिक आंकड़ों को खंगाला तो साल 2019 से जनवरी 2025 तक 44 गांव ढाणियों को किया चिन्हित

# जिले में ऐसे 44 गांव-ढाणी जहां लगातार 7 साल से कम जन्मी बेटियां

# अधिकांश राजस्थान सीमा से सटे, इन 'रेड जोन' पर पैनी नजर

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव अटेली विधानसभा से विधायक बनी है। जाहिर है खासतौर पर स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हर पहलु को ध्यान में रखना होगा। अब जब जिला का लिंगानुपात इस साल बिगड़ते दिखा तो स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड़ पर आ गया। इस साल जनवरी में 927, फरवरी में 915, मार्च में 819 व अप्रैल में 924 यानि इन चार माह में जिला का लिंगानुपात 897 सामने आया। इसी चिंतन में जब हरिभूमि ने आंकड़े खंगाले तो कई हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। जिला में ऐसे 44 गांव-ढाणी सामने आए है, जिनमें पिछले सात साल (साल 2019 से मार्च 2025) में 700 के कम लिंगानुपात रहा है। लगातार इतने सालों तक लिंगानुपात कम रहने के पीछे सबसे बड़ा कारण यह भी आंका जा रहा है कि इन 44 गांव-ढाणी में से 70 से 80 फीसदी एरिया राजस्थान सीमा से अटैच है। भ्रूण लिंग जांच का खेल इन बॉर्डर सीमा पर हो रहा है। अगर पैनी नजर रखी जाए तो संभवत इसे अवैध खेल को रोका जा सकता है।

### जिले में किस वर्ष कितना रहा लिंगानुपात

| साल | लिंगानुपात |
|---|---|
| 2015 | 809 |
| 2016 | 847 |
| 2017 | 881 |
| 2018 | 898 |
| 2019 | 916 |
| 2020 | 902 |
| 2021 | 904 |
| 2022 | 907 |
| 2023 | 887 |
| 2024 | 902 |

### 7 साल कम जन्मी बच्ची

| गांव | पुरुष | महिला | लिंगानुपात |
|---|---|---|---|
| ढाणी पदमा | 7 | 1 | 143 |
| ढाणी टंडल | 6 | 1 | 167 |
| ढाणी रामदेव | 3 | 1 | 333 |
| ढाणी भोड़ी | 18 | 3 | 167 |
| ढाणी कटकई | 0 | 0 | 0 |
| ढाणी फैजाबाद | 14 | 4 | 285.71 |
| ढाणी बालोडिया | 14 | 7 | 500 |
| ढाणी तरिया | 6 | 3 | 500 |
| बदोपुर | 92 | 46 | 500 |
| ढाणी आकोदा | 48 | 25 | 520.8333 |
| धरसूं | 63 | 33 | 523.81 |
| सराय | 50 | 27 | 540 |
| जैनपुर | 50 | 28 | 560 |
| शक्ति नगर | 32 | 18 | 562.5 |
| नापला | 62 | 35 | 565 |
| नांगल शालू | 49 | 28 | 571 |
| ढाकोड़ा | 42 | 24 | 571 |
| मेघनवास | 63 | 36 | 571.42 |
| गिरधरपुर | 21 | 12 | 572 |
| ढाणी प्रेमा | 38 | 22 | 578 |
| चैक मलिकपुर | 19 | 11 | 579 |
| दनचौली | 60 | 35 | 583 |
| आजमनगर | 90 | 53 | 588.89 |
| जाट गुवाना | 59 | 35 | 593.2203 |
| ढाणी दोयला | 15 | 9 | 600 |
| भांखरी | 129 | 80 | 620.155 |
| बुचौली | 129 | 81 | 628 |
| भूरजट | 93 | 59 | 634.4086 |
| मकसूसपुर | 22 | 14 | 636.3636 |
| ढाणी जड़वा | 33 | 21 | 636.3636 |
| थनवास | 201 | 129 | 641 |
| पल्ह | 54 | 35 | 648 |
| ढाणी सोमियान | 35 | 23 | 657.1429 |
| दुलोठ जाट | 59 | 39 | 661 |
| बामनवास खेड़ा | 27 | 18 | 666 |
| आनावास | 30 | 20 | 666.6667 |
| ढाणी नारेड़ी | 12 | 8 | 667 |
| राठीवास | 27 | 18 | 667 |
| ढाणा | 81 | 55 | 679 |
| खातोदड़ा | 78 | 53 | 679 |
| खायरा | 71 | 49 | 690 |
| मारोली | 166 | 115 | 693 |
| ढाणी सोड़ा | 23 | 16 | 696 |
| नांगल | 76 | 53 | 697 |

### स्वास्थ्य विभाग ने बिंदुओं पर काम शुरू किया



*स्वास्थ्य विभाग में पीएनडीटी नोडल अधिकारी डा. विजय यादव इस मामले में गंभीरता से जुटे है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से रायशुमारी के बाद ऐसे कई निर्देश जारी किए है। अगर इन पर सही से अमल हुआ तो अवैध भ्रूण लिंग जांच खेल को रोका जा सकता है। इनमें :*

- जिला में 700 से कम लिंगानुपात के गांवों की सूची बनाकर संबंधित गांव के सरपंच, पंच, प्रतिष्ठित व्यक्तियों,एएनम आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर के साथ मिलकर विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इन विशेष गांवों में एएनएम, आशा वर्कर, सीएचओ, एमपीएचडब्ल्यूड, ब्लॉक आा कार्डिनेटर के साथ साप्ताहिक मीटिंग लेकर लिंगानुपात सुधारने बारे आवश्यक एवं सख्त दिशा निर्देश दिए जाने की बात कही जा रही है।
- कम लिंगानुपात वाले गांव के संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी के साथ साप्ताहिक मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है।
- जिला के सभी अल्ट्रासाउंड सैंटर व एमटीपी सैंटर का निरीक्षण करने की गतिविधि और गुप्तचरों के माध्यम से गहनता से नजर रखनी भी शुरू कर दी गई है।
- पहले 12 माह तक की गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण होता था। अब पिछले दिनों एनएचएम के मिशन निदेशक ने मीटिंग ली तो उसमे आदेश जारी किए गए कि अब 12 की बजाय 10 माह तक की गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा।
- जिला में सभी गर्भवती महिलाओं की आरसीएच, एमसीटीएस आईडी को अनिवार्य किया गया है ताकि कोई भी गर्भवती महिला अपने गर्भ को छुपा ना सकें। इस बारे सभी अल्ट्रासाउंड ऑपरेटर, संबंधित आशा वर्कर एवं एएनएम को सख्ती से आदेश जारी किए है।
- पंजीकृत सभी एमटीपी केंद्रों को सख्त निर्देश जारी किए है कि यदि कोई गर्भवती महिला रक्तस्त्राव अथवा अपूर्ण गर्भपात के साथ आती है तो इसकी सूचना तुरंत प्रभाव से स्वास्थ्य विभाग को दें।
- ऐसी गर्भवती महिलाएं की सूची बनाई गई है, जिनको पूर्व में एक या एक से अधिक जीवित लड़कियां हैं, पर विशेष नजर रखी जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर 'सहेली' स्कीम के तहत एक आशा वर्कर एवं एक आंगनबाड़ी वर्कर द्वारा उपरोक्त गर्भवती महिलाओं को गोद लिया हुआ और भ्रूण लिंग जांच एवं गर्भपात ना करवाने बारे प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- कार्य के प्रति लापरवाही करने वाली आशा वर्कर एवं एएनएम का और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी जिनका एसआरबी कम पाया गया है, का स्पष्टीकरण मांगा गया है।
- जिला में अवैध गर्भपात को रोकने के लिए आयुष विभाग के साथ मिलकर संदिग्ध और संलिप्त बीएएमएस, बीएचएमएस डॉक्टरस की सूची तैयार की जा रही है।



**नारनौल।** अवैध खनन के मामले में पकड़ा गया ट्रैक्टर ट्रॉली। फोटो : हरिभूमि

## खनन विभाग की टीम ने 2 दिनों में 200 वाहनों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ जिले में खनन कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कर रहा है। पुलिस टीम को साथ लेकर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने पिछले दो दिनों में 200 वाहनों की जांच की।

इस दौरान अवैध खनिज के परिवहन व अवैध खनन के मामले में बापडोली गांव से एक वाहन जब्त किया गया। जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग व उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## अलग-अलग हादसों में तीन जनों की मौत

**नारनौल।** गांव ताजपुर के समीप सड़क पर अचानक पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी मुताबिक करीब 66 वर्षीय देशराज वासी ताजपुर अपनी बाइक से जा रहा था, तब गांव के समीप ही बाइपास से करीब 100 मीटर पहले एक पेड़ टूटकर उनकी बाइक पर गिर गया, जिससे उनका गंभीर चोटें लगी। उन्हें उपचार के लिए अटेली अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें नारनौल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक जमींदारा करता था। अटेली मंडी निवासी सुरेश चंद शर्मा की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। जानकारी मुताबिक प्रातः करीब 8 बजे सुरेश का अचानक जी घबराया तथा वह वहीं पर गिर पड़ा। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह बच न सका।

दूसरी ओर नारनौल के निजामपुर रोड स्थित शुभम गार्डन के समीप करीब 35 वर्षीय युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में के फ्रिजर में रखी हुई है। मृतक ने लाल रंग की शर्ट पहनी हुई है तथा चेहरे पर दाढ़ी-मूछे हैं। पुलिस 72 घंटे उपरांत शव का पोस्टमार्टम करवाएगी।

## बिजली कटों से दुखी शोभापुर के ग्रामीणों ने दी पॉवर हाउस पर ताला जड़ने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भूषण शोभापुर के ग्रामीणों ने जिन उम्मीदों के साथ बिजली निगम को पॉवर हाउस निर्माण के लिए जमीन दी थी, वह उम्मीदें इस भीषण गर्मी में धराशायी हो गई हैं। शोभापुर सरपंच जितेन्द्र सिंह एवं भूषण कलां के सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बताया कि तीन गांवों शोभापुर, भूषण कलां व भूषण खुर्द में इस पॉवर हाउस से बिजली सप्लाई की जाती है, लेकिन इस भीषण गर्मी के मौसम में बार-बार बिजली के कट किया जा रहा है। कई बार दो/तीन घंटों के लिए बिजली काट दी जाती है। ऐसे में ग्रामीण बड़े भारी परेशान हैं और इससे उनका जीना मुश्किल हो गया है। पीने के पानी की आपूर्ति तक बाधित हो रही है। इस बाबत एसडीओ एवं जेई को भी अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहे। उन्होंने बताया कि यही हाल रहा तो वे इस पॉवर हाउस को ताला जड़ने को मजबूर हो जाएंगे।



**नारनौल।** पॉवर हाउस में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**समस्या** गरीब परिवारों को पानी का प्रबंध करना हुआ मुश्किल

# शहर नांगल चौधरी में 15 दिन के अंतराल पर 1 घंटे मिल रहा पेयजल, वाटर टैंकरों के बढ़े रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नगर पालिका के सभी वार्डों में 15 दिन के अंतराल पर एक घंटे पेयजल सप्लाई हो रही है। दूसरी तरफ भीषण गर्मी में पेयजल की डिमांड तीन गुणा बढ़ गई। आपूर्ति के लिए वाटर टैंकरों की डिमांड बढ़ गई है। जिस कारण गरीब वग के लिए पानी का प्रबंध करना मुश्किल हो गया है। परेशान लोगों ने जमकर सरकार विरोधी नारेबाजी की तथा नियमित सप्लाई करने की गुहार लगाई है।

इस अवसर पर हंसराज, दलीप चौधरी, रमेश योगी, सोनू तंवर, शेखर, अजय कुमार, बिरेंद्र सिंह, प्रताप, पप्पू लुहार, सुभाष, विकास कुमार, इंद्रा देवी, शारदा, सुमन देवी ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग ने वार्ड वाइज पेयजल सप्लाई के पाइप दबाई है।

आपूर्ति के लिए शहर में वाटर टैंकों का निर्माण कराया गया है। प्रत्येक बुस्टर पर कर्मचारी तैनात हैं, ताकि लोगों को नियमित रूप से पानी मिल सके, लेकिन शहर के वार्ड नंबर 11 में 15 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं। कुछ वार्डों में 10 से 15 दिनों के अंतराल पर पेयजल सप्लाई होती है, लेकिन एक घंटे ही मिल पाता है।



**नांगल चौधरी।** सरकार विरोधी नारेबाजी करते पेयजल संकट से परेशान शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान लोग घरों में मोटरों का इस्तेमाल करके पानी को खींच लेते हैं। ऐसे में वार्ड की टेल तक पानी पहुंच ही नहीं पाता। आपूर्ति के लिए लोग टैंकरों से पानी मंगवाते हैं, डिमांड बढ़ते ही संचालकों ने 200 से 300 रुपये एक टैंकर सप्लाई के बढ़ा दिए।

### विभाग से नियमित सप्लाई की लगाई गुहार

उन्होंने बताया कि नहाने, कपड़े धोने तथा पशुओं की पेयजल व्यवस्था में दो से तीन दिन बाद ही पानी खत्म हो जाता है। ऐसे में लोगों को हर महीने 1800 से 2000 रुपये पेयजल पर खर्च करना पड़ रहा है। समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया। जिससे आक्रोशित लोगों ने सुबह वार्ड नंबर 11 में बैठक का आयोजन किया। जिसमें विभाग की लापरवाही पर रोष प्रकुट करते हुए नारेबाजी की है। उन्होंने कहा कि विभाग ने जल्द ही पेयजल सप्लाई को नियमित नहीं किया तो धरने प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

### सरपंच और पंच उपचुनाव नामांकन 24 से 30 तक

**नारनौल।** हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 173ए के तहत लागू लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के तहत 15 जून को रिक्त पदों पर सरपंच व पंचों के पदों के लिए होने वाले उपचुनाव के दिन संबंधित एरिया में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि चुनाव क्षेत्राधिकार के तहत आने वाले सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, औद्योगिक उपक्रम, व्यापार, दुकानें जो पंचायती राज संस्थाओं के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, वहां मतदान के दिन 15 जून को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। अवकाश प्रदान किए जाने के कारण ऐसे किसी व्यक्ति के वेतन में कोई कटौती या कमी नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर हरियाणा राज्य में पंचायती राज संस्थाओं के आम उपचुनावों के आयोजन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 24 से 30 मई तक प्रस्तुत किए जाएंगे तथा मतदान 15 जून को होगा। मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी।



**नारनौल।** समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते एसडीएम रमित यादव। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में कुल 53 शिकायतें आई

**नारनौल।** सरकार के दिशा निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का त्वरित गति से समाधान करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में एसडीएम रमित यादव ने आमजन की शिकायतें सुनी। इस अवसर पर कुल 53 शिकायतें आई।

एसडीएम रमित यादव ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित शिकायतों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रत्येक समस्या को पूरी गंभीरता के साथ समझें तथा उसका निश्चित अवधि के दौरान निराकरण भी करें। इस मौके पर डीएसपी हरदीप, बीडीपीओ रेणुलता के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

एडवाइस / डॉ. मोनिका शर्मा



# समर वेकेशंस को ऐसे बनाओ एंज्वॉयफुल

समर वेकेशन, मतलब स्कूल जाने या होम वर्क करने या फिर ट्यूशन जाने की कोई टेंशन नहीं, ढेर सारी मस्ती के दिन। लेकिन इसका यह भी मतलब नहीं, समर वेकेशंस यानी गर्मी की पूरी छुट्टियां इस तरह बिता दी जाएं कि जिसकी कोई उपयोगिता ही ना हो, बस समय की बर्बादी हो। तो बच्चो, समर वेकेशंस में खेल-कूद, मौज-मस्ती के साथ-साथ कुछ ऐसा भी करो कि समय का सही उपयोग हो, तुममें कोई एक्स्ट्रा स्किल डेवलप हो।

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों में तुम्हें जबरदस्त धमा-चौकड़ी, घूमने और दादी-नानी के घर जाने का मौका मिलता है। फ्री रुटीन वाले इस टाइम में तुम कुछ अच्छा कर सकते हो, लेकिन इस समय थोड़ा अवेयर रहना भी जरूरी है। देखो, मम्मी-पापा तो हर मौसम में तुम्हारी केयर करते हैं। तपती धूप के इस मौसम में तुम्हारी थोड़ी-सी अवेयरनेस उनकी चिंता कम कर सकती है। खासकर अपनी हेल्थ को संभालने के लिए छोटी-छोटी बातों का तो तुम खुद भी खयाल रख ही सकते हो। थोड़ा केयरफुल रहने से तुम्हारा समर टाइम सचमुच फन टाइम बन जाएगा। इन हैप्पी हॉलिडेज में तुम कुछ अलग, कुछ नया ट्राई कर सकते हो।

**खेल-कूद का बनाओ सही रूटीन:** गर्मी के मौसम में हीट वेव्स बहुत से हेल्थ इश्यूज का कारण बनती हैं। हीट वेव्स के कारण डिहाइड्रेशन, थकावट और हीट स्ट्रोक जैसी सीरियस स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए समर वेकेशन के फ्री टाइम में भी खेलने-कूदने का सही शेड्यूल, सही रुटीन बनाना जरूरी है। इस मौसम में आउटडोर गेम्स के लिए सुबह या शाम का समय सबसे सही होता है, क्योंकि इस समय धूप कम रहती है। दिन के समय तुम दोस्तों को अपने घर बुलाकर या किसी दोस्त के घर जाकर अपनी पसंद के इनडोर गेम्स खेल सकते हो।



**गैजेट्स फ्री हो समर टाइम:** बच्चो, हमारे देश में कई ट्रेडिशनल और मजेदार इनडोर, आउटडोर गेम्स खेले जाते हैं। यकीन मानो, इन गेम्स को खेलकर तुम्हें खूब मजा आएगा। ये गेम्स मोबाइल या कंप्यूटर पर खेले जाने वाले वीडियो गेम्स से कहीं अधिक एंज्वॉयफुल हैं। हमारे पारंपरिक खेलों में कई सारे इनडोर और आउटडोर गेम्स शामिल हैं। कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू (हॉपस्कॉच), रस्सी कूद, रुमाल झपट, लट्टू और गिल्ली डंडा जैसे कई खेल खूब मजेदार हैं। ये गेम्स स्क्रीन गेम्स की तरह आंखों को नुकसान पहुंचाने या पोस्चर बिगाड़ने वाले नहीं हैं। हमारे ट्रेडिशनल गेम्स तुमको फिजिकली-मेंटली एक्टिव और हेल्दी बनाएंगे, टीमवर्क सिखाएंगे। तो इस बार समर वेकेशंस में अपने दादा-दादी, नाना-नानी और मम्मी-पापा से इन गेम्स के बारे में पूछो। ऐसे खेल उन्होंने अपने बचपन में जरूर खेले होंगे। इन ट्रेडिशनल गेम्स को जानो-समझो और खेलो।



### सीखो ऐसी चीजें जो बढ़ाए तुम्हारी प्रतिभा

बच्चो, समर वेकेशंस में तुम अपनी रुचि के अनुसार ऐसे कोर्स कर सकते हो जो तुम्हारी प्रतिभा को निखारें और स्किल को बढ़ाएं। तुम म्यूजिक, सिंगिंग, पेंटिंग या डांसिंग की वर्कशॉप अटेंड कर सकते हो, जो तुम्हारी प्रतिभा को बढ़ाएगी। कोई शॉर्ट टर्म कोर्स भी कर सकते हो, जो तुम्हारे स्किल को बढ़ाए जैसे कोडिंग या इसी तरह का दूसरा कोई कोर्स।

**हाइजीन और हेल्थ का रखो ध्यान:** बच्चो, बाहर खेलने के बाद घर लौटने पर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। बाहर से घर आने पर तुम्हें तुरंत एसी, फैन या कूलर चलाने या गटागट ठंडा पानी पीने से बचना चाहिए। खेलने-कूदने के बाद हाइजीन यानी स्वच्छता पर ध्यान जरूर देना। खेलते हुए धूल-मिट्टी भी शरीर से चिपक जाते हैं। इनसे इंफेक्शन हो सकता है। इसीलिए अच्छे से नहाकर तुम अपनी बॉडी की साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। हां, बाहर से आकर तुरंत नहाने के बजाय पहले कुछ देर आराम से बैठकर पसीना सुखाना, फिर नहाना। ऐसा न करने से तुम्हें जुकाम या बुखार हो सकता है।

**ट्राई करो ट्रेडिशनल फूड्स:** गर्मी के मौसम में खाने-पीने में भी बदलाव जरूरी है। हमारे देश के हर हिस्से में अलग तरह का खान-पान होता है, वह भी मौसम के हिसाब से। साइंटिफिक रिसर्च भी मौसम के अनुसार बनाए गए हमारे ट्रेडिशनल फूड्स को सही बताते हैं। समर टाइम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, लू लगने, डाइजेशन बिगड़ने जैसी परेशानियां बहुत होती हैं। इससे बचने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। समर सीजन में बाहर खाना-पीना अवॉयड करना चाहिए। इन दिनों घर का ट्रेडिशनल खाना शरीर को ठंडक देने का काम करता है। सत्तू, सीजनल फ्रूट्स, छाछ, शिकंजी, शर्बत, नारियल पानी और गन्ने का जूस जैसी चीजें टेस्टी ही नहीं हेल्दी भी हैं।



टमाटर, लौकी, ककड़ी, संतरे, तरबूज और खरबूजे जैसे मौसमी फल-सब्जियां खाकर भी तरोताजा महसूस होता है। दादी-नानी के घर जाने पर वहां बनने वाले खास तरह के फूड आइटम्स को जरूर ट्राई करो। इसीलिए समर टाइम में ठंडक का एहसास करवाने वाली परंपरागत चीजों को मन से खाओ।

बच्चो, इस तरह समझदारी भरा रूटीन फॉलो करके, कुछ बातों का ध्यान रखकर तुम अपनी समर वेकेशंस को और भी एंज्वॉयफुल बना सकते हो। *

# अनोखा पक्षी पेलिकन



बच्चो, पक्षियों का अपना एक अलग-अनोखा संसार है। कई पक्षियों में कुछ ऐसी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो तुम्हें आश्चर्य में डाल देंगी। आज हम तुम्हें एक ऐसे ही अनोखे पक्षी 'पेलिकन' के बारे में बता रहे हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया के कुछ सबसे बड़े पक्षियों में शामिल पेलिकन एक अनूठा पक्षी है। यह एक जलीय पक्षी है। पेलिकन अंटार्कटिका जैसे दुर्गम क्षेत्र को छोड़कर प्रायः पूरी दुनिया में ताजे पानी या नमकीन पानी की झीलों या अन्य जलीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।



**पाउच वाली अनूठी चोंच:** पेलिकन की चोंच में लंबा-चौड़ा थैलीनुमा एक पाउच होता है। यह बेहद लचीला होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर यह सिकोड़ या फैला सकता है। तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यह अपनी चोंच में ग्यारह लीटर तक पानी या फिर दस किलो तक भोजन सामग्री मजे से रख सकता है। इतनी सामग्री तो इसके पेट में भी नहीं समाती।

**ऐसे करता है मछलियों का शिकार:** पेलिकन, मछलियों का शिकार करते वक्त उन्हें पानी सहित अपनी चोंच में दबोच लेता है, फिर मुंह नीचे की तरफ झुकाकर पानी छानकर गिरा देता है और मछलियों को निगल लेता है। चोंच के सिरे पर मौजूद हुक जैसी संरचना में यह कई बार मछलियों को अटका लेता है और फिर सिर ऊंचा करके गले में गटक लेता है। पेलिकन एक दिन में लगभग एक किलो तक मछली खा सकता है।

**तैरने और उड़ने में माहिर:** पेलिकन के पंजों में जाल बना होता है, जिससे इसे तैरने में आसानी होती है। इसकी हड्डियों के भीतर और डैनों के नीचे हवा के बुलबुले भरे होते हैं, जिससे यह पानी की सतह के ऊपर आसानी से बैठ या तैर सकता है। उड़ने से पहले इसे गति लेनी पड़ती है। जैसे विमान रनवे पर दौड़कर धीरे-धीरे जमीन से हवा में उठता है, ठीक उसी तरह यह भी पानी की सतह पर अपने विशाल डैनों को पीटते हुए दोनों पैरों से पानी को पतवार की तरह काटता है और फिर धीरे-धीरे हवा में ऊपर उठता है। यह दस हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। *

### पेलिकन की प्रजातियां

पेलिकन की कुल आठ प्रजातियां पाई जाती हैं। आमतौर पर पेलिकन के पंख सफेद होते हैं, जिन पर काले धब्बे होते हैं। कुछ प्रजातियों के पंख गुलाबीपन लिए हुए होते हैं। डालमेटियन प्रजाति के पेलिकन आकार में सबसे बड़े होते हैं। डैने फैलाने पर डालमेटियन पेलिकन का आकार साढ़े तीन मीटर तक हो जाता है। इसका वजन लगभग तेरह किलो तक हो सकता है। सबसे छोटे आकार के पेलिकन ब्राउन पेलिकन होते हैं। इनके डैने लगभग दो मीटर तक फैलते हैं और वजन लगभग तीन किलो तक होता है। इनके पंख चॉकलेटी ब्राउन होते हैं। भारत में मूल रूप से सफेद या रोजी ग्रे और डालमेटियन पेलिकन पाए जाते हैं।





कविता / वसीम अहमद

# चूहा-चुहिया गरमी में



बोली आइसक्रीम दिला दो
चाय पियूं न गरमी में,
बड़े शहर से आई चुहिया
बैठी है हठधर्मी में।
चूहा बोला गरमी है तो
ठंडी करके पी जाओ,
मुझ पर हुक्म चलाना छोड़ो
पगी हो क्या बेशर्मी में।
चुहिया बोली कैसे पी लूं
सर्दी की सौगात है ये,
गले से मेरे न उतरेगी
चाय-वाय इस गरमी में।
रात हो गई अब जिद छोड़ो
आइसक्रीम कल ला दूंगा,
मान भी जाओ अच्छा होगा
अभी कह रहा नरमी में।
चुहिया बोली धमकाओ मत
मुझे भी आता है लड़ना,
ठंडा रखो माथा अपना
लड़ो न इतनी गरमी में।

### बूझो तो जानें



1
गढ़े इन्हें हाथों से कुम्हार,
मिट्टी को देता आकार।
बॉल सरीखा गोलम-गोल,
पी लो पानी ढक्कन खोल।

2
खड़ा किचन में है यह कौन,
भीतर ठंडक बाहर मौन।
फल-सब्जियां ताजा रखे,
मुख के भीतर बर्फ के चक्के।

3
कमरे में ठंडा अहसास,
गर्मी फटकेगी ना पास।
फर-फर ना घुर-घुर आवाज,
पंखे जी बैठे नाराज।

-रोचिका अरुण शर्मा

उत्तर : 1.मटका, 2.फ्रिज, 3.एयर कंडीशनर

### जीके क्विज-155



1. हाल ही में कनाडा की विदेश मंत्री बनने वाली भारतीय मूल की महिला का क्या नाम है?
2. हाल ही में वर्ष 2025 के लिए किस भारतीय लेखिका को लिटरेचर का इंटरनेशनल बुकर प्राइज देने की घोषणा की गई?
3. दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या था?
4. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान गवर्नर कौन हैं?
5. यक्षगान भारत के किस राज्य का प्रमुख लोकनृत्य है?
6. विश्वप्रसिद्ध पीसा की मीनार किस देश में स्थित है?
7. चंदबरदाई किस शासक के दरबारी कवि थे?
8. कौन-सा जीवाणु दूध से दही जमाने में सहायक होता है?
9. आम का वैज्ञानिक नाम (साइंटिफिक नेम) क्या है?
10. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-154 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.हैदराबाद, 3.वी. नारायणन, 4.रेडक्लिफ, 5.कैनबरा, 6.राष्ट्रपति, 7.कैस्पियन सागर झील, 8.चंद्रगुप्त मौर्य, 9.थाइलैंड, 10.अमेरिका और कनाडा

**जीके क्विज-154 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रितेश-बलौदा बाजार, नीटू-सीतापुर, रमेश-कोरबा, रक्षिता-रायपुर, अमन-बिलासपुर, कुणाल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, कविश-दुर्ग, राकेश-रायगढ़, पिंकी-भोपाल

कहानी
डॉ. अमिता दुबे


दादी मां की अचानक तबियत खराब हुई तो क्षितिज को गर्मी की छुट्टियों में गांव आना पड़ा। मन ही मन वह गांव आने पर नाखुश था, लेकिन कुछ दिन में उसने वहां जो देखा और महसूस किया, क्षितिज का मन वापस शहर जाने का नहीं हो रहा था...

# अनोखी छुट्टियां

गर्मी की छुट्टियां हो गई थीं। क्षितिज को न पढ़ाई की चिंता थी न ही स्कूल जाने का झंझट। इन दिनों कंप्यूटर गेम, टीवी पर कार्टून फिल्में देखना और शाम को दोस्तों के साथ पार्क में खेलना, इस दिनचर्या में उसे खूब मजा आ रहा था। एक दिन क्षितिज शाम को खेलकर लौटा तो देखा मम्मी उदास बैठी थीं। उन्होंने बताया गांव से रामदीन काका का फोन आया था। दादी अम्मा बीमार हैं। तुरंत गांव बुलाया है। मम्मी ने पापा को फोन कर बता दिया है, वे जल्दी ही आने वाले हैं। तय हो चुका है, रात की ट्रेन से गांव के लिए निकल जाएंगे। मम्मी ने क्षितिज से भी अपना सामान लगाने को कहा। एक बार क्षितिज के मन में आया कि वह मम्मी से कह दे, उसे बोर होने गांव नहीं जाना है, घर पर अकेले रह लेगा, लेकिन मम्मी का मूड देखकर उसकी कुछ कहने की हिम्मत नहीं हुई।

क्षितिज जब ट्रेन में बैठा तो रह-रहकर उसका ध्यान अपने दोस्तों की ओर चला जा रहा था। वे तो गर्मी की छुट्टियों का मजा लेंगे और वह गांव में बोर होगा। क्षितिज को मन ही मन दादी अम्मा पर गुस्सा आया- इतनी बार पापा ने कहा पर अम्मा शहर आने को तैयार ही नहीं होतीं। न जाने गांव में क्या रखा है? अगर अम्मा यहां होतीं तो उसकी इस तरह छुट्टियां बर्बाद नहीं होतीं। और न जाने क्या-क्या सोचते उसकी आंख लग गई, जब आंख खुली तो पाया स्टेशन आ चुका था, मम्मी उसे जगा रही थीं। रामदीन काका, हां शायद रामदीन काका ही उन तीनों को लेने स्टेशन आए थे। वैसे तो उसने पहले कभी रामदीन काका को देखा नहीं था। हर वर्ष छुट्टियों में जब मम्मी-पापा गांव जाते हैं, वह नानी के पास ही मथुरा में रुक जाता है। चूंकि पापा का ट्रांसफर आगरा हो गया था, इसलिए तुरंत वह नानी के पास नहीं जा सका।

पापा ने रामदीन काका के पैर छुए तो मम्मी के कहने पर उसको भी पैर छूने पड़े। काका सबको लेकर स्टेशन से बाहर आए। वहां एक टैंपो खड़ा था। ऐसा विचित्र सा टैंपो क्षितिज ने पहले नहीं देखा था। वे चारों उसमें बैठ गए। कुछ देर बाद टैंपो गांव पहुंच गया। टैंपो से उतर कर कुछ दूर पैदल चलकर क्षितिज जिस घर में पहुंचा, उसे



देखकर क्षितिज आश्चर्यचकित रह गया। इस घर में उसकी अम्मा रहती हैं, इतने बड़े घर में! सभी सीधे अम्मा के पास पहुंचे, जहां वह लेटी थीं। क्षितिज को लगा, अम्मा रो रही हैं। पापा उनके सिरहाने जाकर बैठकर उनका सिर सहलाने लगे। मम्मी उनके पैर दबाने लगीं। तब तक न जाने कहां से कई औरतें आ गईं, जिन्हें मम्मी-पापा, चाची, भाभी, बुआ संबोधित कह रहे थे। वह भौंचक्का-सा कभी अम्मा को, कभी मम्मी-पापा को और कभी आने वालों को देख रहा था। तभी उम्र में उससे काफी बड़ी दीदी जैसी दिखने वाली एक लड़की ने उसे अपने पास बुलाया। उसका नाम पूछा और लस्सी का गिलास उसे पकड़ा दिया। फिर दो लड्डू क्षितिज को देते हुए बोलीं, 'खाओ बबुआ।' क्षितिज ने मम्मी की ओर देखा। मम्मी बोलीं, 'खा लो ये तुम्हारी रमा बुआ हैं।'

क्षितिज गिलास और लड्डू लेकर बाहर आ गया। एक लड़का मुस्कुराता हुआ उसके पास आया और बोला, 'अच्छा किया क्षितिज, तुम आ गए। पिछली बार चाची से हमने कहा था, अबकी बार आएं तो तुम्हें भी साथ लेती आएं। जब तुम छोटे थे, तब एक बार तुम यहां आए थे।' क्षितिज को कुछ याद नहीं था, लेकिन आभास के साथ बात कर उसे अच्छा लगा।

क्षितिज ने धीमी आवाज में पूछा, 'क्यों आभास भइया! ये सभी लोग हमारे घर में ही रहते हैं?' आभास ने बताया, 'अरे नहीं, ये लोग पड़ोस के घरों में रहते हैं, तुम लोगों को आया हुआ देखकर आ गए।' क्षितिज को अपने शहर की कॉलोनी याद आई, जहां किसी के आने-जाने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। न कोई किसी से इतने प्यार से बोलता है। वहां कोई कभी-कभार ही घर पर आता है। दादी के घर जैसा माहौल उसने कभी नहीं देखा। थोड़ी देर बाद बहुत सारे आदमी आंगन में आ गए। आभास ने ही बताया, 'ये पापा के दोस्त हैं।'

'पापा के इतने सारे दोस्त!' क्षितिज को आश्चर्य हुआ। जहां तक उसे पता है, वहां शहर में उसके घर में पापा का कोई दोस्त कभी नहीं आता।

आभास ने बताया, 'ये सभी लोग हर वर्ष तुम्हारे पापा के आने पर आते हैं। इनमें से कुछ लोग तुम्हारे पापा के साथ पढ़े हैं। सभी इंतजार करते हैं, तुम्हारे पापा के आने का। ये लोग अकसर तुम्हारी दादी अम्मा से मिलने आते हैं। अगर दादी को किसी चीज की जरूरत होती है तो पूरी करते हैं।'

आभास ने अगले दो दिनों में अपने सभी दोस्तों से क्षितिज का परिचय करवा दिया था। उनसे मिलकर क्षितिज को बिल्कुल भी नहीं लगा कि वह पहली बार उनसे मिला है। उनकी बातों से उसे लगा कि वे सभी उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। नहीं जानता है तो वह ही इस वातावरण की सुंदरता और यहां रहने वाले लोगों की आपसी प्रेम-भावना को। क्षितिज रोज गांव में बच्चों के साथ खेलता। पेड़ों की छांव में बैठकर बातें करता। बच्चे पके मीठे आम तोड़कर खाते और गांव की ठंडी, शुद्ध हवा का आनंद लेते।

समय पंख लगाकर उड़ गया। अम्मा तो उन सबके आने के एक सप्ताह बाद ही ठीक हो गई थीं। पापा वापस चले गए थे। क्षितिज और मम्मी गांव में ही रुक गए थे। अब उन्हें भी जाना था। पापा लेने आने वाले थे। क्षितिज का मन यहां से जाने का नहीं हो रहा था। जाने वाले दिन की पूर्व संध्या पर वह आभास के साथ सभी दोस्तों से मिलने तालाब किनारे गया था, जहां सभी इकट्ठा थे। सब लड़के उसके लिए कोई न कोई उपहार लाए थे। सभी उससे वायदा लेना चाहते थे कि हर वर्ष वह गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां आया करेगा।

क्षितिज ने अचानक भावुक होकर बोला, 'मित्रो! ये अनोखी छुट्टियां मुझे जीवन भर याद रहेंगी। आप सबने मुझ अनजान को जो प्यार, आदर दिया, वह मैं कभी भूल नहीं सकता। मैं वायदा करता हूं कि छुट्टियों में तो आऊंगा ही! हर बड़ा त्योहार भी यहां आप सबके बीच मनाने आऊंगा। अम्मा के बिना हम सब वहां उदास रहते हैं और हमारे बिना अम्मा यहां। अब त्योहार पर कोई उदास नहीं होगा। न अम्मा न हम।', 'और न हम सब...!' बच्चों का समवेत स्वर गूंजा। *

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां झूला झूलती एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट ये छह अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर : 1.बाईं तरफ बादल के पीछे से सूर्य निकलता दिख रहा है। 2.बाईं तरफ लड़की के हाथ के नीचे झूले का स्ट्रिंग अलग रंग का है। 3.लड़की हंस नहीं रही है, उसका मुंह बंद है। 4.लड़की के स्कर्ट का निचला बायां हिस्सा डिफरेंट कलर का है। 5.झूले की सीट में दाईं तरफ एक गोलाकार निशान बना हुआ है। 6.दाईं तरफ ऊपर झूले की स्ट्रिंग का पैटर्न अलग तरह का है।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# दस रोचक कहानियां

बच्चो, कुछ समय पहले ही दस रोचक कहानियों की किताब 'बांसुरी बजाने वाला खरगोश' छपकर आई है। इसे लिखा है प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने। इनमें से कुछ कहानियों में उड़ने वाली जादुई कार, उड़ने वाली किताब और उड़ने वाले मोबाइल के ऐसे कारनामे हैं कि इन्हें पढ़ते हुए तुम्हारा मन रोमांच से भर उठेगा। कुछ कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। ऐसी ही एक कहानी है 'जंगल की रानी', जिसमें एक बकरी कुछ ऐसा कारनामा करती है कि जंगल का राजा शेर उसे जंगल की रानी बनाने की सोचने लगता है। इसी तरह ताकतवर शिब्बू पहलवान, कैसे बच्चों की मदद करता है, इसे तुम 'बच्चों का दोस्त' कहानी में पढ़ सकते हो। 'पेड़ पर झंडियां' एक बहादुर बच्चे नंदू की कहानी है, जो रेलगाड़ी का एक्सीडेंट होने से बचा लेता है तो 'इंजन चले साथ-साथ' में तुम पढ़ोगे कि रजनी, सोमेश और उनके दोस्त किस तरह एक पुराने रेलवे इंजन को साफ-सुथरा कर ऐसे सजा देते हैं कि सब चकित रह जाते हैं। एक बच्चे और तितली की मस्ती करने की कहानी 'तितली की खुशी' पढ़कर भी तुमको खूब मजा आएगा। बांसुरी बजाने वाले मुटकू खरगोश की कहानी भी तुम्हें बहुत पसंद आएगी। *



***किताब:*** *बांसुरी बजाने वाला खरगोश,* ***लेखिका:*** *क्षमा शर्मा,* ***मूल्य:*** *125 रुपए,* ***प्रकाशक:*** *साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली*

## खबर संक्षेप



### राजेश कुमार खेड़की बने गोशाला के प्रधान

**महेंद्रगढ़।** बाबा खेतानाथ गोशाला खेड़की का निर्विरोध कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। निर्विरोध चुनाव में प्रधान राजेश कुमार खेड़की, सचिव सत्यबीर सिंह गुलावला, खजांची वीरेंद्र सिंह खेड़की, कार्यकारिणी सदस्य सूबेसिंह सिहमा, लखीराम डेरोली अहीर, महीपाल मरहमपुर, शुभराम नांगल काठा को सर्वसमिति से बनाए गए। नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि वह अपना पूरी ईमानदारी से करेंगे। नियुक्ति पर इष्टजनों व परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया दौरा

**नारनौल।** जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से वीरवार को राजकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नियामतपुर मोरूंड में बाल यौन शोषण एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा व गणेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा ने स्टाफ के साथ विचार सांझा करते हुए कहा कि स्कूल में हर महीने पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने विद्यालय लाइब्रेरी, रसोई घर के अलावा साफ सफाई की सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर नांगल चौधरी बीईओ सुनीता यादव, प्रधानाचार्य विजय सिंह यादव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार, समग्र शिक्षा से सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. विक्रम सिंह, धर्मेंद्र, जिला बाल कल्याण समिति सदस्य कुमुदिनी श्रीवास्तव, राजेश गोयल, चेतनदेव के अलावा स्टाफ मौजूद था।

शहर में काम करने वाली संस्थाएं विश्व हिन्दू परिषद, स्वदेशी जागरण शामिल हुईं

# तिरंगा यात्रा से होता है राष्ट्र भाव का जागरण : सत्यव्रत शास्त्री

**सांस्कृतिक अहीरवाल संगठन की ओर से निकाली गई यात्रा**

**नर नारायण सेवा समिति टाइगर क्लब व वरिष्ठ नागरिक संगठन के लोग भी हुए सम्मिलित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। शहर में तिरंगा यात्रा निकालते सत्यव्रत शास्त्री। फोटो : हरिभूमि

सांस्कृतिक अहीरवाल संगठन की ओर से वीरवार शाम शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का शुभारंभ शहीद स्मारक (सैनिक कैंटीन) से आरंभ हुआ और पुरानी कचहरी पानी के टंकी पुल बाजार, महावीर चौक से होते हुए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर जाकर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक अहीरवाल के निर्देशक सत्यव्रत शास्त्री ने कहा तिरंगा इस देश की शान है, आन है और बान है। जब-जब व्यक्ति तिरंगे को अपने हाथ से उठाकर लहराता है तो उसके हृदय में देशभक्ति हिलोरे लेने लगती है और इसीलिए समय समय पर राष्ट्रभाव का जागरण करने के लिए तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाता है। किसी भी नागरिक के लिए उसके राष्ट्रध्वज का सम्मान उसके लिए सर्वोपरि होता है और विशेषकर उन नागरिकों के लिए जो देश की सीमाओं के प्रहरी बनकर काम करते हैं, उनके लिए यह और अधिक उत्साह देने वाला होता है। सीमाओं पर देश की रक्षा करने के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को जब यह पता चलता है कि देश के आम व्यक्ति भी इस तिरंगे की शान के लिए सड़कों पर निकल पड़े हैं तो उनका दुश्मन देश से लड़ने का हौसला दुगना हो जाता है। इस उत्साह से ही वह किसी भी परिस्थिति से बढ़ जाता है और वहां वह विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए भी वह कभी उत्साह में कमी नहीं आने देता । आज तिरंगा यात्रा के आयोजन में नारनौल शहर में काम करने वाली अनेक संस्थाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें विश्व हिन्दू परिषद, स्वदेशी जागरण, नर नारायण सेवा समिति, टाइगर क्लब, वरिष्ठ नागरिक संगठन के लोग सम्मिलित हुए।

### अटेली : शहीदों को किया नमन



**मंडी अटेली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं तिरंगा यात्रा निकाली। यह तिरंगा यात्रा स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से शुरू होकर नए बस स्टैंड से होते हुए कनीना चौक तक निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार तथा राजेंद्र लांबा द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ता तिरंगा हाथ में लेकर शहीदों को नमन किया। अटेली नगर पालिका से उप प्रधान रामकिशन ने नए एवं पुराने बस स्टैंड के बीच में तिरंगा यात्रा में शामिल सभी को अपने निजी खर्चे से नींबू शिकंजी का पानी एवं जलजीरा पिलाया। इस मौके पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, स्वास्थ्य मंत्री के पीए विकास यादव, गोविंद गोस्वामी, नगर पालिका अटेली चैयरमेन संजय गोयल, अटेली भाजपा मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सरपंच, पंचायत समिति चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद, पंचायत समिति चेयरमैन जयप्रकाश, सत्यवीर सरपंच सुजापुर, उप चैयरमेन रामकिशन, जयप्रकाश कोटिया, एडवोकेट बबली यादव, मास्टर जसवंत सलीमपुर,विनोद कटकई, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, संजय सरपंच, हिमांशु गोयल, समाजसेवी तेज प्रकाश, संगीता चंदपुरा, मूल सिंह चौहान, सीताराम सुजापुर, प्रदीप सराय, प्रदीप सैनी, कृष्ण बोचड़ीया, चारों मंडल अध्यक्ष मनजीत, दिनेश जैलदार, ईश्वर ठेकेदार, प्रदीप तिगरा, शर्मिला पार्षद, महावीर, सुनील प्रजापत, हरपाल, पीयूष गोयल, वीरेंद्र, उष्मांक, दीपक आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। कुकिंग प्रतियोगिता हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### महेंद्रगढ़ः हैप्पी स्कूल में फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विंग प्रभारी रेखा राघव के निर्देशन में फायर लेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्री-प्राइमरी विंग के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे फ्रूट चाट, भेलपुरी, सैंडविच का सभी अध्यापकों और निर्णायक मंडल ने लुत्फ उठाया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्र अपनी कल्पना का उपयोग करके बिना आग के स्वादिष्ट व्यंजन बनाते हैं, जिससे नवीन सोच को बढ़ावा मिलता है।

## खबर संक्षेप

### श्मशान घाट में पशु-पक्षियों के लिए रखे सकोरे



**मंडी अटेली।** भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। ऐसे में मनुष्य तो अपने लिए पेयजल व दूसरी व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन पशु पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में पेयजल व छाया की बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। अटेली खंड के गांव भीलवाड़ा में श्मशान घाट भूमि पर पशु-पक्षियों के लिए पानी के सकोरे, पानी की टंकी, मटके आदि की व्यवस्था कर दी है। इस कार्य में गांव की सरपंच सुमन देवी, हजारीलाल बोहरा, बिक्रम, हनुमान, लोकेश आदि बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सरपंच ने बताया कि पानी की टंकी में पानी डालने की अपने ट्यूबवेल से करने की हनुमान पुत्र कन्हीराम ने जिम्मेदारी ली है। सरपंच व हजारीलाल बोहरा ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के पानी की व्यवस्था करनी मनुष्य की जिम्मेदारी होती है।

### एचपीएस चेयरमैन ने लगाई गोवंश के लिए सवामणी



**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुभाष चंद वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर वीरवार को रोटरी क्लब सिटी के तत्वावधान में श्री गोपाल गोशाला में गोवंश के लिए हरी सब्जी की सवामणी लगाई गई। जिसमें उनके परिवार के सभी सदस्यों व क्लब सदस्यों ने अपने हाथों से गोमाता को हरी सब्जियां खिलाकर पुण्य कर्म अर्जित किया। इसके उपरांत चेयरमैन सुभाष चंद वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए विद्यालय परिसर में अपने हाथों से पौधारोपण किया तथा रोटरी रसोई में अपने हाथों से भोजन सेवा करते हुए जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया। चेयरमैन सुभाषचंद वर्मा ने कहा कि अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य किसी भी विशेष अवसर पर हम सभी अपने ढंग से खुशियां मनाते हैं, लेकिन खुशी के किसी भी अवसर पर जरूरतमंद लोगों व गोमाता की सेवा से अधिक पुण्य कर्म कुछ और नहीं हो सकता। उनके पुत्र विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा ने बताया कि पिता धार्मिक प्रवृति के सामाजिक व्यक्ति हैं और सेवाभाव ही उनकी पहचान है। इस मौके पर सुभाष चंद वर्मा, पुष्पा वर्मा, हितेश वर्मा, निधि वर्मा, ज्योति वर्मा, हितांशी, पूनम चौधरी, विनोद चौधरी, नवीन गुप्ता, एडवोकेट राजकुमार यादव, विजय जिंदल, संजय गर्ग, पवन गुप्ता, नरेश गोगिया, संदीप शुक्ला, मधुर गर्ग, मोहित चौधरी, विनय मित्तल, पवन यादव, निदेशक पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज, प्राचार्य सुनील यादव मौजूद थे।

### ऑपेशन सिंदूर पर राजनीति ठीक नहींः दीपेंद्र हुड्डा



**नांगल चौधरी।** भारतीय सेना का साहस, पराक्रम और अनुशासन पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। ऑप्रेशन सिंदूर में भी सेना ने दुश्मनों को घुटनों के बल खड़ा कर दिया, लेकिन इसी दौरान तीसरे देश ने सीजफायर घोषत कर दिया। जिसको लेकर सरकार को तत्काल विशेष संसद सत्र बुलाना चाहिए और सेना का धन्यवाद प्रस्ताव पारित करके शहीदों को श्रद्धांजलि देनी चाहिए। उक्त विचार कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बबलू यादव के आवास पर प्रेसवार्ता में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमेंश आंतकवाद को पैदा किया है। जिस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। पहलगाम में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या करना संगीन अपराध है, जिसका बदला हमारी सेना ने साहस पूर्वक लिया है। अमेरिका के दबाव में सरकार ने सीजफायर घोषित कर दिया। जिस कारण पाकिस्तानी आतंकियों को जीवनदान मिल गया। इधर भाजपा ने तिरंगा यात्रा शुरू करके ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति करनी आरंभ कर दी, जो किसी भी सूरत में उचित नहीं। सेना के सम्मान में सरकार को सत्र बुलाकर धन्यवाद प्रस्ताव पारित करके पूरे घटनाक्रम पर मंथन करना चाहिए। सांसद ने विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान को हमले की सूचना देने वाले बयान पर हैरानी जताई। कहा कि युद्ध के दौरान कूटनीतियों को गेम चलता है तथा दुश्मन ने मंसूबों को कुचलने के लिए सेना को साहस देने की जरूरत होती है। लोकसभा सत्र चलेगा तब सरकार से तमाम पहलूओं का जबाब मांगा जाएगा तथा देशहित में परामर्श भी दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युवाओं को सीईटी पेपरों में उलझा रखा है। पूरे साल डी ग्रुप की भर्ती होती है। इसके बाद डी ग्रुप वालों को सी ग्रुप में कन्वर्ट कर दिया जाता है। दूसरी तरफ ए व बी ग्रुप में 75 फीसदी दूसरे राज्यों के युवाओं को भर्ती किया जा रहा है। एचपीएससी के दफ्तरों में सरकार के अधिकारियों से करोड़ों बरामद होते हैं। मौके पर विधायक मंजू चौधरी, पूर्व विधायक राव दानसिंह, रिटायर्ड सेशन जज राकेश कुमार, सत्यपाल दहिया, रामेश्वर पहलवान, एडवोकेट चंद्रप्रकाश, संजय पटीकरा, संदीप मौजूद रहे।

# चरित्र निर्माण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। विद्यार्थियों को संबोधित करती डॉ. कृष्णा आर्या। फोटो : हरिभूमि

आर्य समाज नांगल चौधरी के तत्वावधान में चलाए जा रहे बालिका सुरक्षा व चरित्र निर्माण अभियान के तहत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी में प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सुरेश कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आर्योपदेशिका एवं समाजसेविका डॉ. कृष्णा आर्या रही। डॉ कृष्णा आर्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बालिका सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को विभिन्न मुद्दों जैसे आत्मरक्षा और सुरक्षा के तरीके चरित्र निर्माण तथा आत्मविश्वास बढ़ाना, शिक्षा व करियर के अवसरों के बारे में जानकारी, स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व को समझना सहित सामाजिक और भावनात्मक कौशलों का विकास संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताई। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने किया। महाशय सत्यवीर सिंह दताल ने भी विद्यार्थियों को बालिका सुरक्षा व चरित्र उत्थान संबंधित बाते बताई। प्राचार्य सुरेश कुमार ने बालिका सुरक्षा को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। मौके पर वीरेंद्र सिंह थानेदार, पूर्व प्रवक्ता कर्णसिंह, सुनीता कुमारी, अखिलेश तंवर, ललिता कुमारी, चारु वाधवा, शिल्पा आदि मौजूद थे।

# विजय इंटरनेशनल स्कूल में हाउस ड्रेस प्रतियोगिता



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल में गत दिवस हाउस ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य बच्चों में सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में संस्था संरक्षक महेंद्र सिंह व कोआर्डिनेटर उपस्थित रही। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए बताया कि आरुषि पुत्री राजेश, हिमांश पुत्र प्रमोद, यशिका पुत्री कपिल, तन्वी पुत्री परवित, यशिका पुत्री संदीप, मानसी पुत्री संदीप, पीहू पुत्री मनिंद्र, हिमांशी पुत्री संदीप, ईशु पुत्री अनिल, आयशा पुत्री जितेंद्र, गरिमा पुत्री विपिन, हर्षल पुत्र जयपाल, प्रतिमा पुत्री रविंद्र, हीना पुत्री धर्मेंद्र, रिंकू पुत्र ओमबीर तथा पलक पुत्री राजकुमार ने अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए और बच्चों को प्रतिदिन अपनी स्कूल यूनिफार्म में ही स्कूल में आना चाहिए।



महेंद्रगढ़। पार्टी के दौरान आइसक्रीम खाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# आरपीएस विद्यालय में आइसक्रीम पार्टी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ विद्यार्थी जीवन का यह चरण हमारे जीवन की नींव तैयार करता है


विद्यार्थी जीवन किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे यादगार पड़ाव होता है। विद्यार्थी जीवन का यह चरण हमारे जीवन की नींव तैयार करता है।

विद्यार्थी जीवन में हम सिर्फ किताबों से नहीं सीखते। बल्कि भावनात्मक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से विकसित होते हैं। आरपीएस विद्यालय के प्राइमरी विभाग में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व बच्चों को गर्मी के मौसम में एक खुशहाल और यादगार अनुभव देने के लिए किंडरगार्टन के विद्यार्थियों के लिए आइसक्रीम पार्टी का आयोजन किया गया।

# आरबीएस डीग्री कॉलेज में हेल्प डेस्क की शुरुआत

■ डेस्क की शुरूआत आरबीएस डिग्री कॉलेज की डायरेक्टर सुनीता यादव ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। हेल्प डेस्क की शुरूआत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

थनवास स्थित आरबीएस डिग्री कॉलेज में हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई। इस हेल्प डेस्क की शुरूआत आरबीएस डिग्री कॉलेज की डायरेक्टर सुनीता यादव ने की। बता दें कि इस डिग्री कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी तथा अन्य कॉर्स संचालित किए जा रहे हैं। हेल्प डेस्क की शुरूआत का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किसी भी समय एडमिशन से संबंधित तथा कोर्स से संबंधित सूचनाओं प्राप्त हो सकती है। आरबीएस डिग्री कॉलेज में इस समय एडमिशन चल रहे हैं, जो विद्यार्थी यहां एडमिशन लेने का इच्छुक है, उसे तीनों वर्ष के लिए चेयरमैन स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। विद्यार्थी कैम्पस से निःशुल्क आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह का सपना है कि कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे और इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों के लिए छूट का प्रावधान किया है। यदुवंशी ग्रुप की अन्य डिग्री कॉलेज में बहुत से विद्यार्थी निःशुल्क अध्ययन कर रहे हैं और यहां पढ़कर उच्च पदों पर आसीन हो चुके हैं। मौके डॉ. प्रदीप यादव, सुनील सैनी, सुनील डीपीई मौजूद रहे।

### लिंगानुपात दर में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग की बैठक संपन्न

**महेंद्रगढ़।** गांव बवानिया में लिंगानुपात दर में सुधार को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य गांव में लिंगानुपात दर में सुधार लाना और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना था। बैठक में डॉ. विभाष यादव, चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक पवन कुमार ने लिंगानुपात के महत्व और इसके सुधार के लिए चर्चा की। डॉ. विभाष यादव ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए हमें समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ हमें बेटियों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है, जिससे वे समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए हमें बेटियों को शिक्षित करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग से ज्ञानचंद, सुनीता, मोनिका, सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार, पंच, आंगनबाड़ी और आशा वर्कर सहित भारी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित थे।

**12वीं में 75 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए तथा दसवीं में 41 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए, सभी पास**

# आरोही स्कूल मंढाणा ने पाया टॉप 10 में स्थान

*सरपंच लीलाराम ने स्टाफ और बच्चों की मेहनत को सराहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। आरोही मॉडल स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से हाल ही में घोषित 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में 75 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए, सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा कक्षा दसवीं में 41 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए, जो सभी पास हुए। कक्षा 12वीं विज्ञान में भूमिका ने 483 अंक, वाणिज्य में करिश्मा ने 481 अंक व दसवीं में दिव्या ने 491 अंक प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

इसके अतिरिक्त कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में संदीप पुत्र निरंजन लाल ने अकाउंटेंसी विषय में 100 अंक प्राप्त किए व कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के छह छात्रों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। जिसमें दिव्या ने गणित, अदिति ने इंग्लिश, अंजलि ने गणित, खुशी ने इंग्लिश, रुचिका ने गणित, योगिता ने इंग्लिश विषय में 100 अंक प्राप्त किए।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की ओर से उत्कृष्ट परिणाम देने वाले टॉप 10 विद्यालयों की सूची जारी की है। आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा ने इस सूची में उत्कृष्ट परिणाम के साथ स्थान बनाया है। पिछले वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम हरियाणा में प्रथम स्थान पर था। 21 मई को हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ में शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा ने एक रिव्यू मीटिंग बुलाई। जिसमें टॉप 10 व बॉटम 10 विद्यालयों के प्राचार्य को आमंत्रित किया गया। इस मीटिंग में आरोही विद्यालय मंढाणा के प्राचार्य लीलू राम यादव ने भी भाग लिया। मंत्री को विद्यालय के लगातार पिछले पांच वर्षों के परिणाम व विद्यालय की उपलब्धियां को साझा किया।

मंत्री व शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय की उपलब्धियां से खुश होकर विद्यालय स्टाफ की खूब प्रशंसा की व स्टाफ की मेहनत को सराहा। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव, खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने बेहतर परिणाम व हरियाणा के टॉप 10 विद्यालयों में स्थान पाने पर आरोही विद्यालय मंढाणा के समस्त स्टाफ पर बच्चों को बधाई दी। ग्राम पंचायत मंढाणा सरपंच लीलाराम यादव ने भी विद्यालय में पहुंचकर शानदार परिणाम के लिए आरोही विद्यालय के सभी स्कूल स्टाफ व बच्चों की मेहनत को सराहा।

**मौके पर ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डॉ. कुसुमलता, मुकेश कुमारी, नीलम रानी, सीमा कुमारी, निशा यादव, डॉ. पूनम, संजू, मनीषा, राजसिंह, राजपाल, अशोक कुमार, नितेश कुमार, सत्यवीर सिंह, सुषमा शर्मा, आशा देवी, आशा यादव, कुलदीप सिंह, बजरंग लाल, इंद्रपाल, गुलाब सिंह, करतार सिंह, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, मधुए व बबीता आदि मौजूद थे।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सुरेंद्र पुत्र जगमाल सिंह वासी मौहल्ला बड का कुआ देवस्थान, नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पत्नी संतोष देवी, पुत्र अभिजीत व पुत्री प्रीति व पुत्रवधु मनीषा मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर रोज झगडा व मारपीट करते रहते है। इसलिए मै इन सभी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**
**श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, जिला महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल**

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, जिला महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल के समस्त आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है की सभा के त्रिवार्षिक चुनाव 2025-2028 के लिए मतदाता सूची जारी कर दी गई है। मतदाता सूची में भौगोलिक स्थिति के अनुसार 87 कॉलिजियम वार्ड बनाये गए है। इस मतदाता सूची की प्रति सभा के सूचना पट्ट पर चस्पा की गई है व एक प्रति जिला पंजीयक, फर्मस एवं सोसाइटी, नारनौल के पास भी प्रेषित कर दी गई है। आपति 7 दिनों के भीतर जिला पंजीयक के पास दर्ज करवाई जा सकती हैं।

**हस्ता/- अध्यक्ष, संयोजक एवं सदस्यगण, चुनाव समिति, श्री गौड़ ब्राह्मण सभा, नारनौल**

## खबर संक्षेप

### यूपी का 27 वर्षीय व्यक्ति लापता

**महेंद्रगढ़।** गांव खुड़ाना बास से उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय व्यक्ति अचानक लापता हो गया। व्यक्ति रात को काम कर लौटा था, लेकिन सुबह बिना बताए कहीं चला गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बास खुडाना गांव निवासी विजयपाल ने पुलिस में शिकायत दी है, जिसमें उसने बताया वह राजमिस्त्री का काम करता है। उसके पास जिला रामपुर ढकिया गांव उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय अरविंद उसके पास लगभग डेढ़ साल से काम करता था।

### दो गाड़ियों की टक्कर में एक गंभीर

**महेंद्रगढ़।** दो गाड़ियों की टक्कर एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया हैं। घायल के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लहरोदा गांव निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को बताया कि उसे 16 मई को शाम करीब साढ़े आठ बजे मोबाइल पर सूचना मिली कि उसके पिता हनुमान प्रसाद का एक्सीडेंट हो गया है। जिसके बाद वह अपने दादा व अन्य लोगों के साथ सिविल अस्पताल पहुंचा।

### भाजपा की तिरंगा यात्रा आज

**महेंद्रगढ़।** भारतीय सेना के सम्मान में महेंद्रगढ़ विधानसभा में 23 मई को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसका नेतृत्व महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव करेंगे। कार्यक्रम में भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद धर्मवीर चौधरी, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं तिरंगा यात्रा जिला संयोजक दयाराम यादव, महेंद्रगढ़ तिरंगा यात्रा संयोजक योगेश शास्त्री मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। तिरंगा यात्रा संयोजक योगेश शास्त्री ने बताया कि तिरंगा यात्रा शुक्रवार की शाम पांच बजे अंबेडकर चौक, सीएसडी कैटीन, यादव धर्मशाला, बस स्टैंड होते हुए राव तुलाराम चौक पर तिरंगा यात्रा पर समापन होगा।

# बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं के लिए मंडल स्तर पर शिकायत निवारण केन्द्र एक्टिव

## अब और अधिक तेज गति से होगा पेयजल उपभोक्ताओं की समस्या का समाधानः उपमंडल अभियंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बढ़ती गर्मी को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल उपभोक्ताओं के लिए मंडल स्तर पर शिकायत निवारण केन्द्र को एक्टिव किया है, ताकि हर उपभोक्ता को स्वच्छ पेयजल निरंतर मिलता रहे।

कहीं भी पेयजल संबधित किसी प्रकार की शिकायत होती है, तो उपभोक्ता विभाग के निजामपुर रोड पर स्थित शिकायत निवारण केन्द्र के दूरभाष नंबर 01282252601 पर सोमवार से शुक्रवार सुबह नौ से



सायं पांच बजे तक अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए शहर उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि बढ़ती गर्मी में पीने का पानी अमृत के समान है।

इस मौसम में हर उपभोक्ता को समय पर जल मिलना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विभाग इसके लिए निरंतर अपनी सेवा देने में तत्पर है। पेयजल सप्लाई में कहीं दिक्कत आती है। कहीं मैन पाइप लाइन में लीकेज या टूट जाने की समस्या होती है या फिर गंदा पानी आने की संभावना होती है। ऐसी स्थिति में हर उपभोक्ता को पीने के पानी के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में एक शिकायत निवारण केन्द्र स्थापित कर दूरभाष नंबर 01282252601 भी जारी किया है, ताकि उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करवा सके व विभाग की ओर से समय पर समस्या का निवारण किया जा सके। यह नंबर नारनौल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए है। इसके साथ साथ विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर भी पेयजल व सीवरेज संबंधित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

इसके अलावा उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि जो जिन उपभोक्ताओं ने अपने बकाया पेयजल के बिल नहीं भरें हैं, वे अपना बिल अवश्य भर दें। अन्यथा उनको डिफाल्टर घोषित कर पेयजल कनेक्शन भी काट दिया जाएगा। पेयजल हमारा अधिकार है, लेकिन सरकार के नियमानुसार बिल अदा करके हर उपभोक्ता अपने कर्तव्य का निवर्हन भी करें।

### जिले में चलाया जा रहा है जल संरक्षण अभियान

*जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल संरक्षण के लिए भी अभियान विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है। स्कूल कार्यक्रम, स्कूल रैली, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक व उपभोक्ताओं के घर घर जाकर जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। हर उपभोक्ता अपने नलों पर टूंटी अवश्य लगाएं। इसके अलावा पानी की समस्या, पेयजल पाइप लाइन लीकेज व गंदे पानी की समस्या का समाधान भी संबंधित ग्राम पंचायत व संबंधित जेई के माध्यम से करवाया जा रहा है। इस अभियान में हर उपभोक्ता अपना सहयोग करें।*

# भीषण गर्मी में बढ़ रही बिजली खपत 54 लाख यूनिट प्रतिदिन हो रही खर्च

## पिछले 15 दिनों से निरंतर बढ़ रही बिजली खपत, खपत बढ़ने से बिजली फाल्टों में भी हो रही बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भीषण गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ गई है। लोगों के घरों एवं दफ्तरों के साथ–साथ अन्य स्थानों पर भी कूलर, पंखा और एसी चलने से बिजली की मांग में बढ़ गई है। बीती 12 मई को जहां समूचे नारनौल सर्कल यानि जिला महेंद्रगढ़ में बिजली खपत एक दिन में जहां 35.33 लाख यूनिट थी, वहीं 20 मई को यह बढ़कर 54.35 लाख यूनिट दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इन दिनों लोगों को झुलसाने वाली गर्मी परेशान कर रही है। सूरज सवेरे से ही अपने कड़े तेवर दिखा रहा है। दिन में जहां सूर्यदेव की किरणें आग उगलती रहती हैं, वहीं रात को भी भारी गर्मी एवं उमस बनी रहने से लोगों का बुरा हाल रहता है। लोग इससे बचने के लिए दिन–रात कूलर, पंखे एवं एयर कंडीशनर को चलाए रखने को मजबूर हो रहे हैं। गुरुवार को दिनभर आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने से लोगों का हाल बेहाल रहा। शाम व रात के समय भी लोग पसीने से तरबतर दिखे। दिन का तापमान 45 डिग्री पार चल रहा है और लोग आवश्यक कार्यों से ही



नारनौल। पॉवर हाउस।

बाहर निकलते दिखाई देते हैं अन्यथा वे घरों में दुबके रहना ही ज्यादा बेहतर मानने लगे हैं। बिजली की खपत बढ़ने से अधिक लोड के कारण पावर कट की समस्या भी बनी हुई है। हालांकि बिजली आपूर्ति कुछ दशक पहले की तुना में काफी सुदृढ़ हुई है और लोग इससे राहत महसूस करने लगे हैं, लेकिन यह समस्या तब और अधिक गहरा सकती है, जब बिजली आपूर्ति में ही संकट खड़ा हो जाए। अब पहले की तरह लंबे–लंबे पॉवर कट नहीं लग रहे, यही लोगों के लिए सुकून की बात है। लोग अब भीषण गर्मी से तंग आ चुके हैं और उनमें बरसात करवाने की उम्मीदें उमड़–घुमड़ करने लगी हैं। वैसे तो मौसम विभाग एक–दो दिन में समूचे हरियाणा में ही बरसात होने का अनुमान है, लेकिन प्रदेश के अंतिम छोर पर बसा महेंद्रगढ़ जिला के लोग गर्मी से आजीज आ चुके हैं और अब बरसात ही उन्हें एकमात्र सहारा नजर आने लगी है।

**दिन–प्रतिदिन की बिजली खपत**

| | |
|---|---|
| 21 मई | 53.65 लाख यूनिट |
| 20 मई | 54.50 लाख यूनिट |
| 19 मई | 54.35 लाख यूनिट |
| 18 मई | 51.79 लाख यूनिट |
| 17 मई | 50.11 लाख यूनिट |
| 16 मई | 47.96 लाख यूनिट |
| 15 मई | 46.81 लाख यूनिट |
| 14 मई | 41.69 लाख यूनिट |
| 13 मई | 34.01 लाख यूनिट |
| 11 मई | 39.75 लाख यूनिट |
| 12 मई | 35.33 लाख यूनिट |

### बिजली फाल्ट की भी बढ़ रही समस्या

*गर्मी में बिजली की खपत अधिक होती है और लोड बढ़ने के कारण फॉल्ट की समस्या में बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों आंधियां खूब चलने लगी हैं। इससे भी फाल्ट आने लगे हैं। लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर ट्रीपिंग मारने लग जाते हैं। कई बार लोग बिजली चोरी करने के उद्देश्य से कुंडी कनेक्शन करते हैं और उसे भी कई बार फॉल्ट आ जाता है। इससे अन्य उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपभोक्ता अगर बिजली का उचित एवं जरूरत के उपकरण समझदारी से इस्तेमाल करें तो लोड को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसे प्रयोग नहीं होने पर पंखे और कूलर सहित सभी उपकरणों को बंद करें। वहीं एसी को 16 या 18 की बजाए 24 से 25 तापमान के आसपास चलाएं और कमरा ठंडा होने पर कुछ समय के लिए एसी बंद कर दें या उसका तापमान और बढ़ा दें, जिससे बिजली की बचत भी होगी और लोड भी नियंत्रित रहेगा।*

### बिजली की खपत कम करने के सुझाव

- ▶▶|एसी, कूलर और पंखों का बुद्धिमानी से उपयोग करें।
- ▶▶|ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए रात्रि में स्लीप मोड का उपयोग करें।
- ▶▶|जब एसी चालू हो तो दरवाजे और खिड़कियां बार-बार खोलने से बचें।
- ▶▶|दक्षता के लिए फिल्टरों को नियमित रूप से साफ करें।
- ▶▶|बिजली की खपत को कम करने के लिए पुराने रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, स्टैंडअलोन एयर कंडीशनर, वॉटर हीटर आदि को हटा दें।

### यह बोले अधिकारी



*गर्मी के मौसम में बिजली की खपत होना लाजिमी है। हर व्यक्ति अब उपभोगी हो गया है तथा उसकी जरूरतें भी बढ़ गई हैं। अब पंखे, कूलर ही नहीं, एसी भी लोगों की पहुंच में आने लगे हैं। इससे बिजली खपत बढ़ी है। हमारा प्रयास है कि हम जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध करवाते रहें।*

*-जोगेंद्र सिंह हुड्डा, एसई, बिजली निगम, नारनौल*



महेंद्रगढ़। जनस्वास्थ्य कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### 10 जून को नहर में आ सकता है पानी

# शहर में अल्टरनेट सिस्टम शुरू, एक दिन छोड़कर एक दिन मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्धारित शेड्यूल के कम पानी मिलने के चलते शहर में राशनिंग शुरू कर दी है। अब शहर को एक दिन छोड़कर एक दिन पानी मिलेगा। 10 जून को नहर में पानी आने के बाद शहर में नियमित रूप से पेयजल सप्लाई की जाएंगी। बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर पूरी तरह से नहरी पानी पर निर्भर है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इस बार महेंद्रगढ़ जिला में निर्धारित शेड्यूल से छह दिन में नहरी पानी मिला है। ऐसे में शहर के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 16 दिन नहर में पानी आता है तथा 24 दिन बंद रहता है। एक मई से 15 मई तक जेएलएन में पानी की आपूर्ति हुई थी। तीन दिन तक पानी की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण जलघरों को नहीं भरा जा सका था।

***शहर को होती है प्रतिदिन 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यताः*** नहरी पानी पर आधारित देवास जलघर में 85 लाख लीटर पानी की क्षमता के चार टैंक बने हुए हैं। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इन सात स्टेशनों से स्टेशन से शहर की करीब 50 हजार की आबादी को पानी दिया जाता है। प्रतिदिन शहर की आबादी को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 155 लीटर पानी के हिसाब से कुल 6.45 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इस हिसाब से जन स्वास्थ्य विभाग के पास शहर को नियमित आपूर्ति के लिए महज 10 दिनों का ही पानी स्टोर हो सकता है।

# दैनिक रेलयात्री महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

समाधान शिविर में दैनिक रेलयात्री महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व रेलमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन सौपा। अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर नई ट्रेनों का ठहराव, विस्तार, फेरे बढ़ाने व ट्रेनों का समय परिवर्तन करने की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व रेलमंत्री के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन प्रदेश के सबसे पुराने रेलवे स्टेशनों में से एक है। लेकिन वर्तमान में इस रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का कार्य जोरों पर है।

महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्याः12259-60 सियालदह दुरंतो से बीकानेर, गाड़ी संख्या 12323-24 हावड़ा से बाड़मेर इन दो गाड़ियों का महेंद्रगढ़ के आदर्श रेलवे स्टेशन पर ठहराव कराया जाए। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 19701-2 सैनिक एक्सप्रैस जयपुर-दिल्ली का विस्तार चंडीगढ़ तक करने, गाड़ी संख्या 54789-90 बीकानेर रेवाड़ी-पैसेंजर का विस्तार दिल्ली तक तथा हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर से सादलपुर तक एक या दो गाड़ियों का विस्तार रेवाड़ी तक करने, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर वाया महेंद्रगढ़ बीकानेर से सुबह चार बजे एक नई इंटरसिटी दिल्ली सराय रोहिल्ला तक चलाने, जोधपुर, श्रीगंगानगर, जयपुर, जोधपुर से महेंद्रगढ़ के रास्ते राजधानी चंडीगढ़ के लिए प्रतिदिन एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने, जिससे राजस्थान को भी रेलवे से कनेक्टिविटी मिल जाएगी।


दिल्ली से लुहारू तक दो ईएमयू नई ट्रेन चलाने, महेंद्रगढ़ रूट पर तीर्थ स्थान के लिए प्रतिदिन लंबी दूरी की एक सुपरफास्ट नई ट्रेन चलाने की मांगे उठाई है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 15623-24 कामख्या से वाया महेंद्रगढ़ भगत की कोठी को एक दिन बढ़ाकर सप्ताह में तीन दिन तक करने, गाड़ी संख्या 12371-72 हावड़ा से बीकानेर एक दिन की बजाय सप्ताह में तीन दिन चलाने, गाड़ी संख्या 14713-14 दिल्ली-सीकर दो दिन के बजाय प्रतिदिन चलाई जाए। गाड़ी संख्या 22481-82 जोधपुर-दिल्ली, गाड़ी संख्या 12457-58 बीकानेर दिल्ली, गाड़ी संख्या 19701-02 सैनिक जयपुर-दिल्ली, गाडी संख्या 14727-28 श्री गंगानगर-दिल्ली इन चारों गाड़ियों का रात्रि के समय दिल्ली आने जाने में एक घंटे के समय का बदलाव किया जाएं।

# सिलारपुर में ग्रामीणों के घरों तक पहुंचा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव सिलारपुर में प्राइमरी स्कूल के पास स्थित गंदे पानी का जोहड़ लंबे समय से ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। अब यह समस्या विकराल रूप ले चुकी है, क्योंकि जोहड़ का दूषित पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के घरों तक पहुंच गया है। इससे जहां मकानों के गिरने का खतरा बढ़ गया है, वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी गंभीर अंदेशा जताया जा रहा है।

गांव के पंच सरजीत, रामौतार यादव, दीनदयाल शर्मा, समर सिंह, राजेश सेन, गजेंद्र, गजानंद पुरोहित, विजय सिंह दुकानदार, रामनिवास, धर्मवीर यादव, दीनदयाल, सुभाष चंद शर्मा, बलवंत शर्मा और ओमप्रकाश ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर स्थानीय अधिकारियों से लेकर पूर्व विधायक सीताराम यादव तक कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायत कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अटेली की वर्तमान विधायक एवं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह तथा सांसद धर्मवीर सिंह से भी इस मुद्दे पर हस्तक्षेप की अपील की है। बावजूद इसके आज तक इस गंभीर समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जोहड़ में गंदगी और कचरा भर जाने से यह बार-बार ओवरफ्लो होता है, जिससे गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। गर्मी में भी यह पानी घरों तक पहुंच रहा है और मानसून के दौरान हालात और भी भयावह हो जाते हैं। तब गांव के रास्ते पूरी तरह जलमग्न हो जाते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मानसून से पहले इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सफाई व जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए और जोहड़ की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि गांव को संभावित स्वास्थ्य संकट और नुकसान से बचाया जा सके। इस बारे में ग्राम सरपंच रतन सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि पंचायत के पास इतना बजट नहीं है। इस समस्या का उन्होंने भी उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जब से वह सरपंच बने हैं।



मंडी अटेली। सिलारपुर में गंदे पानी से भरा हुआ जोहड़। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी डिग्री कॉलेज में यूजी और पीजी के दाखिले शुरू

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में यूजी और पीजी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह स्कॉलरशिप ऐसे स्टूडेंट्स के लिए है जो 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं और कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में आने वाले मेधावी स्टूडेंट्स इस स्कॉलरशिप का लाभ पा सकते हैं। यदुवंशी डिग्री कॉलेज में निम्न कोर्स जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वाणिज्य विज्ञान, गणितीय विज्ञान आदि कोर्स है, जिसमें छात्र दाखिला ले सकता है। यूजी में स्कॉलरशिप के लिए तीन वर्ष तो वहीं पीजी में दो वर्ष के लिए स्कॉलरशिप परसेंटेज के आधार पर निर्धारित की गई है। जिन छात्रों ने 12वीं तथा स्नातक स्तर की परीक्षा अच्छी परसेंटेज से पास की है और जो छात्र व छात्राएं अपनी स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप की तलाश कर रहे हैं, वे यदुवंशी डिग्री कॉलेज में आकर स्कॉलरशिप के माध्यम से दाखिला ले सकता हैं। आवेदन से पहले स्टूडेंट्स को यूजी और पीजी स्कॉलरशिप के लिए निर्धारित योग्यता की शर्तों को जान लेना चाहिए, जो कि इस प्रकार से है।

# पंचायत जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

- सरकार ग्राम स्तर तक शहरों की तर्ज पर विकास करवाने को प्रतिबद्ध : डॉ. राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

विकास कार्यों को लेकर पंचायत भवन में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का वीरवार को विधिवत रूप से समापन हुआ। कार्यक्रम में जिला प्रमुख राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार भी मौजूद थे। इस प्रशिक्षण में पिछले सात बैच में अनुपस्थित रहे सरपंचों ने भाग लिया। जिला प्रमुख ने सरपंचों को प्रेरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की नीति से आज प्रदेश में पढ़ी लिखी पंचायत है। ऐसे में सभी सरपंच जागरूकता के साथ कार्य करें।



नारनौल। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरपंचों को संबोधित करते सीईओ मनोज कुमार।

सरकार ग्राम स्तर तक शहरों की तर्ज पर विकास करवाने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने समझाया कि पंचायतें फंड के लिए सीएसआईआर, सांसद निधि, विधायक निधि, डी. प्लान व माइनिंग फंड जैसे स्त्रोतों का लाभ उठा सकती हैं। साथ ही पंचायतें खुद भी हाट बाजार, किराया, सेवा शुल्क जैसे माध्यमों से राजस्व उत्पन्न कर सकती हैं।

उन्होंने नीरपुर राजपूत पंचायत का उदाहरण देते हुए कहा कि अटेली ब्लॉक की नीरपुर राजपूत पंचायत ने सीएसआईआर फंड से अपने गांव में सराहनीय कार्य किए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने सरपंचों को पढ़ने और जानकारी बढ़ाने की सलाह देते हुए कहा कि पढ़ो, ताकि कोई आपको भ्रमित न कर सके।

# ओशिन को चुना गया ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई का अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

युवा साहित्यकार व उदीयमान कवि ओशिन शुक्ला को प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई का प्रमुख चुना गया है। ट्रस्ट के सचिव डॉ. मनोज आफरिया व ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक में ओशिन शुक्ला के नाम पर सभी सदस्यों की सहमती बनी। ओशिन के नाम का प्रस्ताव शिक्षाविद राकेश शर्मा ने रखा व अनुमोदन प्राचार्य दिनेश कुमार ने किया। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट युवा व ओजस्वी वक्ताओं, साहित्यकारों, कलाकारों के माध्यम से समाज में सार्थकता और रचनात्मकता का संदेश देना चाहता है।



नारनौल। ओशिन शुक्ला को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट शिक्षा, सेवा, संस्कार के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी क्रियाशील है और काव्य गोष्ठियों, कवि सम्मेलन आदि के माध्यम से सामाजिक जागरूकता के प्रकल्प संचालित करता रहा है। शुक्ला को ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई के अध्यक्ष चुने जाने पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# लंबित शिकायतों का संबंधित विभाग तुरंत करवाएं निपटाराः डॉ. विवेक भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में आई 50 शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एक-दूसरे की शिकायतें करने की बजाय आपसी तालमेल व सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें तथा इसकी रिपोर्ट भी जिला प्रशासन को भिजवाएं। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए वे नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें व सीवर की नियमित अंतराल पर सफाई करवाए।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गर्मी में करें पीने के पानी का प्रबंध

शिविर में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी सरकारी विभागों में पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि कार्यालय में आने वाले नागरिकों को पेयजल उपलब्ध रहे। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि जिन कार्यालय में आमजन का अधिक आना-जाना रहता है उन कार्यालयों में ओआरएस के पैकेट रखवाए जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस का आयोजन किया जाएगा, इसलिए इस कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाली सभी प्रकार की रिहर्सल में अधिकारी व कर्मचारी जरूर भाग लेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, सिविल सर्जन डॉ. अशोक, डीएसपी दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार निशा, बीईओ अलका, जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार, बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता आशुतोष, जिला बागवानी अधिकारी प्रेम कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।